Class iv-B

प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सही उत्तर लिखिए–

(अ) "समस्त जीवधारी पेड़–पौधों पर निर्भर हैं। अनेक प्रकार के फल, मेवे अनाज, सब्जियाँ आदि हम पेड़–पौधों से ही प्राप्त करते हैं। जिन पेड़–पौधों में रेशे होते हैं उनसे वस्त्र बनाये जाते हैं। इस प्रकार हम पेड़–पौधों से क्षुधा शांत करने के लिए, भोजन और शरीर ढकने के लिए वस्त्र प्राप्त करते हैं। जो व्यक्ति दूध, दही, माँस–मछली आदि खाकर भूख शांत करने की बात सोचते हैं, उन्हें यह भी सोचना चाहिए कि हमें जिन जीवों से दूध, दही, माँस आदि प्राप्त होता है, वे भी वनस्पति खाकर ही जीते हैं। इस प्रकार स्पष्ट है कि पेड़–पौधों के बिना हमारा काम नहीं चल सकता।"

(1) समस्त जीवधारी किस पर निर्भर है ?

(क) जड़ी बूटियों पर ☐ (ख) पेड़–पौधों पर ☐

(ग) माँस–मछली पर ☐ (घ) भोजन पर ☐

(2) निम्न में से कौनसी एक वस्तु पेड़–पौधों से नहीं मिलती है।

(क) दवाईयाँ ☐ (ख) कागज ☐

(ग) नमक ☐ (घ) जड़ी–बूटियाँ ☐

(3) पेड़–पौधों से हमें क्या–क्या मिलता है, किन्हीं चार के नाम लिखिए।

....

....

(4) हमारा कार्य किसके बगैर नहीं चलता है ?

....

(5) निम्न शब्द के दो–पर्यायवाची शब्द लिखिए।

पेड़ ....

www.studiestoday.com